भारत सरकार

विदेश मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या – 2096

दिनांक 31.07.2026 को उत्तर दिए जाने के लिए

ऑपरेशन अमिस्ताद

2096. श्री दिनेशभाई मकवाणा:

श्रीमती महिमा कुमारी मेवाड़:

डॉ. मन्ना लाल रावत:

श्री अनुराग सिंह ठाकुर:

डॉ. हेमंत विष्णु सवरा:

श्री योगेन्द्र चांदोलिया:

श्री दामोदर अग्रवाल:

श्री कोटा श्रीनिवास पूजारी:

श्री बिद्युत बरन महतो:

श्री कृष्ण प्रसाद टेन्नेटी:

श्री विजय बघेल:

क्या **विदेश** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) वेनेजुएला में जून, 2026 में आए भूकंप के पश्चात् आरंभ किए गए भारत के मानवीय सहायता और आपदा राहत मिशन 'ऑपरेशन अमिस्ताद' का ब्यौरा क्या है और इसके अंतर्गत कितने कर्मी और उपकरण तैनात किए गए हैं और कितनी राहत सामग्री की आपूर्ति की गई है;

(ख) भारत द्वारा कराकास में स्थापित किए गए फील्ड अस्पताल में अब तक कितने लोगों का इलाज किया गया है तथा उसमें प्रदान की गई चिकित्सा सेवाओं का ब्यौरा क्या है; और

(ग) क्या सरकार ने विशेषकर इस क्षेत्र में सक्रिय प्रतिस्पर्धी शक्तियों के संदर्भ में 'ऑपरेशन अमिस्ताद' से भारत को होने वाले रणनीतिक और कूटनीतिक फायदों का कोई आंतरिक मूल्यांकन किया है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

विदेश राज्य मंत्री

(श्री कीर्तवर्धन सिंह)

(क) एवं (ख) 24 जून 2026 को वेनेजुएला में आए दो भीषण भूकंपों से हुई व्यापक तबाही से प्रभावित वेनेजुएला के लोगों को तत्काल राहत और सहायता प्रदान करने के लिए भारत का मानवीय सहायता और आपदा राहत (एच.ए.डी.आर.) मिशन, 'ऑपरेशन अमिस्ताद', 26 जून 2026 को शुरू किया गया था। ऑपरेशन अमिस्ताद के तहत, भारत ने 30 टन आपदा राहत सामग्री, 6 टन चिकित्सा सहायता, 02 भीष्म क्यूब्स वितरित किए और एक भारतीय सेना फील्ड अस्पताल की स्थापना की। कराकास, वेनेजुएला में स्थापित भारतीय सेना के फील्ड अस्पताल ने 20 से अधिक प्रमुख शल्यचिकित्साओं सहित 8000 से अधिक चिकित्सा प्रक्रियाओं और प्रयोगशाला जांचों को अंजाम दिया। 'ऑपरेशन अमिस्ताद' के तहत वेनेजुएला को प्रदान की गई मानवीय सहायता और आपदा राहत (एच.ए.डी.आर.) तथा चिकित्सा सेवाओं का विवरण **अनुबंध–I** में संलग्न है।

(ग) राहत सामग्री और चिकित्सा सहायता दोनों ही संदर्भों में भारत के 'ऑपरेशन अमिस्ताद' को वेनेजुएला की जनता और सरकार द्वारा व्यापक रूप से सराहा गया और उसकी प्रशंसा की गई। भारत भूकंप पीड़ितों के इलाज के लिए समस्त आधुनिक सुविधाओं से युक्त एक फील्ड अस्पताल स्थापित करने वाले शुरुआती कुछ देशों में शामिल था। बोलीवेरियन रिपब्लिक ऑफ वेनेजुएला की कार्यवाहक राष्ट्रपति, महामहिम सुश्री डेल्सी एलोइना रोड्रिगेज गोमेज़ ने भारत द्वारा समय पर दी गई मदद, सहायता और एकजुटता के लिए प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी को धन्यवाद दिया। वेनेजुएला के स्वास्थ्य मंत्री और विदेश मंत्री ने व्यक्तिगत रूप से फील्ड अस्पताल का दौरा किया और भारत के प्रयासों की सराहना की। भारतीय सेना की मेडिकल टीम को उनकी अनुकरणीय सेवाओं के लिए वेनेजुएला सरकार द्वारा **'ऑर्डर ऑफ द हीरो'** पुरस्कार से सम्मानित किया गया। कुल मिलाकर, 'ऑपरेशन अमिस्ताद' ने भारत के लिए अपार सद्भावना का निर्माण किया है और दोनों देशों के द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत किया है।

अनुबंध–I

ऑपरेशन अमिस्ताद के तहत वेनेजुएला को दी गई एच.ए.डी.आर. सहायता का विवरण

क्र. सं.	सहायता/तैनाती की प्रकृति	सहायता का विवरण
1	आपदा राहत सामग्री	भारत ने वेनेजुएला को 30 टन आपदा राहत सामग्री भेजी, जिसमें परिवार के रहने योग्य तंबू, तिरपाल, स्लीपिंग बैग, रसोई के बर्तन, स्वच्छता किट, गरिमा किट, जनरेटर, पोर्टेबल जल शोधक, पोर्टेबल शौचालय, आपातकालीन प्रकाश व्यवस्था आदि शामिल थे।
2	चिकित्सा सहायता	भारत ने 02 आरोग्य मैत्री भीष्म क्यूब्स के साथ 06 टन दवाएं और चिकित्सा उपकरण भेजे, जिनमें आवश्यक और जीवन रक्षक दवाएं शामिल हैं; जैसे —एंटीबायोटिक्स, दर्द निवारक (एनाल्जेसिक्स), आई.वी. फ्लुइड्स, ओ.आर.एस., जल शोधन गोलियां, आपातकालीन चिकित्सा उपकरण, ट्रॉमा–केयर ड्रेसिंग सामग्री, सर्जिकल उपभोग्य वस्तुएं और अन्य महत्वपूर्ण फार्मास्युटिकल आपूर्तियां।
3	भारतीय सेना का 41–सदस्यीय60 पैरा अस्पताल	भारत ने गंभीर स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने के लिए एम्बुलेंस, आपातकालीन चिकित्सा देखभाल, ट्रॉमा केयर इकाइयों तथा ऑपरेशन थिएटर जैसी

		चिकित्सा सुविधाओं से युक्त भारतीय सेना के 60 पैरा फील्ड अस्पताल के 41 सदस्यीय दल को तैनात किया, जिसमें शल्य चिकित्सक (सर्जन), एनेस्थेटिस्ट, अस्थि रोग विशेषज्ञ, दंत चिकित्सक और अन्य चिकित्सक तथा पराचिकित्सा कर्मी शामिल थे। कराकास, वेनेजुएला में तैनात इस फील्ड अस्पताल ने 20 से अधिक प्रमुख शल्यचिकित्साओं सहित 8000 से अधिक चिकित्सा प्रक्रियाओं और प्रयोगशाला जांचों को सफलतापूर्वक अंजाम दिया।
4	आई ए एफ़ द्वारा विमानों की तैनाती	भारत ने मानवीय सहायता, राहत सामग्री और पैरा–फील्ड अस्पताल दल को पहुँचाने के लिए भारतीय वायु सेना के 02 सी–17 ग्लोबमास्टर विमानों को तैनात किया।
5	ऑपरेशन अमिस्ताद पर विदेश मंत्रालय द्वारा जारी विज्ञप्तियों के लिंक	https://www.mea.gov.in/press-releases?dtl/41362/Operation_Amistad_India_dispatches_Humanitarian_Assistance_to_Venezuela_following_the_devastating_earthquake (ऑपरेशन अमिस्ताद: विनाशकारी भूकंप के बाद

		भारत द्वारा वेनेजुएला को मानवीय सहायता भेजी गई) https://www.mea.gov.in/press-releases?dtl/41443/Operation_Amistad_Indias_HADR_Mission_to_Venezuela_concludes_successfully (ऑपरेशन अमिस्ताद: वेनेजुएला के लिए भारत का एच.ए.डी.आर. मिशन सफलतापूर्वक संपन्न हुआ)

*****